# प्रेस नोट दिनांक 08-10-2021

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा बुजुर्ग महिला के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण, 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया मोबाइल, चाबी आदि समस्त सामान बरामद तथा अन्य स्थानो से भी चोरी किये गये अथवा छीने गये अन्य 09 अदद मोबाइल, घटनाओ में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामदः-

दिनांक 5.10.2021 को समय करीब 19.50 बजे श्रीमती शारदा त्यागी पुत्री भरत सिंह त्यागी निवासी भरत विकार कालोनी मल्हीपुर रोड थाना कोतवाली देहात सहारनपुर दिवानी तिराहे के पास से पूजा का सामान खरीदकर पैदल कोर्ट रोड से अपने घर की तरफ जा रही थी तो पैट्रोल पम्प से पहले मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशो द्वारा उनके हाथ से उनका पर्स छीन लिया गया था और फरार हो गये थे । श्रीमती शारदा त्यागी की सूचना के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 478/21 धारा 392 भादवि बनाम अज्ञात दो बदमाश पंजीकृत किया गया था। इस घटना के शीघ्र एवम सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर सहारनपुर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार के नेतृत्व मे टीम गठित की गयी। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घटनास्थल एवम उसके आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो से घटना के समय की फुटेज निकालकर उनका गहनता से अवलोकन किया गया तथा घटना मे प्रयुक्त वाहन मोटर साइकिल के मिटे हुए नम्बरो को अनुमान के आधार पर आर.टी.ओ. कार्यालय से समस्त सीरिज के मोटरसाइकिलो का विवरण ज्ञात करते हुए सम्भावित मोटरसाइकिल के बारे मे पूरी जानकारी संकलित की गयी तथा साक्ष्य संकलन के उपरान्त योजनाबद्ध तरीके से सर्विलांस शाखा का सहयोग प्राप्त करते हुए 02 बदमाशो को दिनांक 7/10/2021 को हसनपुर के पास सर्किट हाऊस रोड पर समय 18.30 बजे पकडा गया जिनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल तथा श्रीमती शारदा त्यागी से लूटा गया मोबाइल फोन व नगदी व एक अदद चाकू, घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई। अभियुक्तो से की गयी गहन पूछताछ पर इनके द्वारा इससे पूर्व मे महिलाओ से मोबाइल एवम पर्स छीनने / चोरी करने की घटनाओ को स्वीकार किया गया है। अभियुक्तगण की निशादेही पर महिलाओ से चोरी किये गये / छीने गये अन्य 09 अदद मोबाइल फोन इनकी निशादेही पर अभियुक्त मिट्ठू उर्फ बिलाल के घर से बरामद करने मे सफलता प्राप्त की गयी है । इस सम्बन्ध मे थाने पर मु0अ0सं0 481/21 धारा 411,414,420 465 भादवि व मु0अ0सं0 482/21 धारा 4/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किये गये है । श्रीमती शारदा त्यागी एवम परिजनो द्वारा पुलिस द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही, अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवम उनके लूटे गये सामान की बरामदगी पर पुलिस की सराहना की गयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-**

- मिट्ठू उर्फ बिलाल पुत्र सहजान निवासी ग्राम महंगी थाना तीतरो हाल मानकमऊ माढी के पीछे मदर हलिमा कालोनी थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर।
- इस्लाम पुत्र अब्दुल निवासी मुनीर कालोनी मानकमऊ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

- एक अदद मोबाइल फोन मोटो कम्पनी श्रीमती शारदा त्यागी से लूटा हुआ।
- श्रीमती शारदा त्यागी के घर की चाबीयां
- श्रीमती शारदा त्यागी का आधार कार्ड
- 09 अदद एंडराईड एवम साधारण मोबाइल फोन
- 01 अदद मोटर साइकिल घटना मे प्रयुक्त नं0 यूपी 11 बीडी-0152
- 01 अदद चाकू

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण**

अभियुक्तगण के पूर्व अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

- हरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार, स०पुर
- उ0नि0 श्री लोकेन्द्र राणा थाना सदर बाजार स0पुर
- उ0नि0 श्री गौरव राठी थाना सदर बाजार स0पुर
- उ0नि0 श्री विजय सिंह थाना सदर बाजार स0पुर
- उ.नि. श्री सोनू राणा थाना सदर बाजार स0पुर
- का0 2074 कपिल कुमार का0 पंकज चौधरी , का0 अनुज कुमार थाना सदर बाजार स0पुर

# प्रेस नोट दिनांक 08-10-2021

## थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर पुलिस को मिली सफलता, 02 शातिर स्मैक/चरस तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 204 ग्राम स्मैक व 160 ग्राम चरस बरामदः-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनपद में चलाये जा रहे नशा तस्करों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के कुशल निर्देशन में दिनांक 07-10-2021 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा बिजोपुरा तिराहे पर चैकिंग के दौरान 02 शातिर स्मैक/चरस तस्कर क्रमशः 1-हमीद उर्फ टल्ली पुत्र खलील नि0 ग्राम घानाखण्डी थाना को0देहात जिला सहारनपुर 2-अरशद पुत्र नफीस नि0 रसूलपुर बेहट रोड थाना को0देहात जिला सहारनपुर को 204 ग्राम नाजायज स्मैक व 160 ग्राम नाजायज चरस व एक पिकअप महिन्द्रा गाडी नं0 यूपी 11 बीटी-5978 सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। बरामदा वाहन महिन्द्रा पिकअप के कोई प्रपत्र न होने के कारण 207 एमवी एक्ट में सीज की गई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 525/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0 526/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-**

1-हमीद उर्फ टल्ली पुत्र खलील नि0 ग्राम घानाखण्डी थाना को0देहात जिला सहारनपुर।

2-अरशद पुत्र नफीस नि0 रसूलपुर बेहट रोड थाना को0देहात जिला सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1-204राम नाजायज स्मैक।

2-160 ग्राम नाजायज चरस।

**अभि0 हमीद उर्फ टल्ली का आपराधिक इतिहासः-**

1-मु0अ0सं0 741/19 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट।

2-मु0अ0सं0 212/17 धारा 3/5/8 गोवध अधि0।

3-मु0अ0सं0 466/09 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट।

4-मु0अ0सं0 217/09 धारा 3/5/8 गौवध अधि0।

5-मु0अ0सं0 322/09 धारा 110 जी सीआरपीसी।

6-मु0अ0सं0 4/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट।

7-मु0अ0सं0 525/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट।

**अभि0 अरशद का आपराधिक इतिहासः-**

1-मु0अ0सं0 482/21 धारा 379/411 भादवि।

2-मु0अ0सं0 526/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-**

1-उ0नि0 श्री अवशेष भाटी थाना को0देहात सहारनपुर।

2-उ0नि0 श्री विनित मलिक थाना को0देहात सहारनपुर।

3-है0का0 65 निर्भय सिंह थाना को0देहात सहारनपुर।

4-है0का0 512 राजवीर सिंह थाना को0देहात सहारनपुर।

5-है0का0 07 शहनवाज थाना को0देहात सहारनपुर।

6-का0 793 विशेष कुमार थाना को0देहात सहारनपुर।

7-का0 258 रोबिन राठी थाना को0देहात सहारनपुर।

# प्रेस नोट दिनांक 08–10–2021

**थाना बेहट पुलिस द्वारा नाजायज चाकू सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः–**

दिनांक 07.10.2021 को थाना बेहट पुलिस द्वारा दाउदपुरा बस अडडा से अभि0 धर्मवीर पुत्र ब्रहम सेनी निवासी कमालपुरा थाना फतेहपुर सहारनपुर को एक नाजायज चाकू सहित गिरफ्तार किया गयां। जिसके सम्बन्ध में थाना बेहट पर मु0अ0सं0 503/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**थाना मण्डी पुलिस द्वारा अवैध चरस सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः–**

दिनांक 07.10.2021 को थाना मण्डी पुलिस द्वारा छोटी नहर पटरी चांद कालोनी से अभि0 दानिश पुत्र साहिद कुरेशी निवासी पीर वाली गली निकट कुरेशियान मस्जिद कमेला कालोनी थाना मण्डी सहारनपुर को 300 ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना मण्डी पर मु0अ0सं0 465/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

**थाना कु0शेर पुलिस द्वारा नाजायज चाकू सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तारः–**

दिनांक 07.10.2021 को थाना कु0शेर पुलिस द्वारा बडी नहर पुल अम्बाला रोड से अभि01–मौहम्मद अली पुत्र शौकत अली निवासी इनाम कालोनी थाना मण्डी सहारनपुर 2–आरिफ उर्फ मुन्ना पुत्र महबूब निवासी मूसा पैलेस एकता कालोनी थाना कु0शेर सहारनपुर को एक–एक नाजायज चाकू सहित गिरफ्तार किया गयां। जिसके सम्बन्ध में थाना कु0शेर पर क्रमशः मु0अ0सं0 357/21, 358/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**मीड़िया/सोशल मीड़िया सेल**
**जनपद सहारनपुर।**